सड़कों पर दस हजार ई- रिक्शे, जाम में फंसा ट्रैफिक

हिन्दुस्तान ग्राउंड रिपोर्ट

मुरादाबाद। शहर में कहीं स्थाई तो कहीं अस्थाई डिवाइडर बनाए गए। कुछ सड़कों का चौड़ीकरण तो कुछ का प्रस्ताव। ऑटो की जोन व्यवस्था। शहर में लगने वाले जाम और यातायात व्यस्था को पटरी पर लाने की ये तमाम कोशिशें कामयाब हो तो कैसे? क्योंकि शहर की सड़कों पर जगह- जगह अवैध रूप से दौड़ रहे ई-रिक्शा और ऑटो वालों का कब्जा है। फव्वारा चौक से लेकर डबल फाटक तक ई रिक्शा वालों ने बकायदा अपने स्टैंड बना रखे है। बुधवार को जब हिन्दुस्तान की टीम शहर की सड़कों पर उतरी तो ई-रिक्शा के मकड़जाल में फंसी ट्रैफिक व्यवस्था का सच सामने आया।

शुक्रवार को इंपीरियल तिराहे पर खड़े ई-रिक्शा। • हिन्दुस्तान

3371 ई-रिक्शा पंजीकृत, सड़कों पर दौड़ रहे दस हजार से अधिक

2000 आटो पंजीकृत सड़कों पर दिखाई देते करीब 4 हजार

स्टेशन रोड पर रोक के बाद भी दौड़ रहे ई- रिक्शा

आदेश बे असर

मुरादाबाद। नए साल में यातायात पुलिस ने रेलवे स्टेशन रोड पर ई-रिक्शा का संचालन पूरी तरह रोके जाने का ऐलान किया था। ऐसा सड़क पर वाहनों की भीड़ कम करने और ऑटो रूट निर्धारण के बाद किया था। इसके बाद भी शहर के मुख्य मार्ग पर हजारों की संख्या में ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। ऐसे हजारों रिक्शा पंजीकृत भी नहीं हैं। स्टेशन के फव्वारा तिराहा वाले रूट पर यातायात पुलिस की टीम दो पहिया वाहनों की जांच का कैंप लागती है। टीम के सामने से बिना नंबर और रोक के बाद फर्राटा भरने वाले ई रिक्शा को कोई रोकने की जहमत नहीं उठा रहा है। स्टेशन रोड पर हर समय दौड़ते ई-रिक्शा यात्रियों के लिए सबसे अधिक परेशानी का कारण बने हुए है। हर समय इनके कारण यात्रियों को अनचाहे जाम से जूझना पड़ता है।

जाम का बड़ा क्षेत्र बना स्टेशन गेट

मुरादाबाद। हर दिन रेलवे स्टेशन गेट के सामने बेतरतीब आटो मुख्य सड़क पर वाहनों के संचालन व्यवस्था को पतीला लगा रहे हैं। केजीके पुल गेट के सामने मुख्य सड़क पर आटो वाले रोड जाम कर सवारी बैठाते देखे जा रहे हैं। जबकि यहीं से यातायात पुलिस के वाहन ट्रैफिक रूल का प्रचार करते आगे निकलते है। डिवाइर बनने के साथ स्टेशन रोड से लेकर डीएम आवास क्षेत्र तक आटो और ई-रिक्शा का अड्डा नजर आ रहा है। शायद इसलिए कि जाम से कराहते लोगों की दवा किसी के पास नहीं है।

12:00 बजे दोपहर

कपूर कंपनी पुल

दिल्ली रोड से ताड़ीखाने की तरफ जाने वाली सड़क के एक ओर ई- रिक्शा वालों ने बकायदा स्टैंड बना रखा है। अंदर मुड़ते ही करीब तीस से अधिक ई-रिक्शा रोड पर कब्जा जमाए हुए थे। अवैध रूप से बने इस स्टैंड के कारण आने और जाने वाला ट्रैफिक वन वे दिखाई पड़ा। यहां तिराहे पर ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था संभालने की भरपूर कोशिश कर रही थी पर ई- रिक्शा वालों के सामने वह भी बेबस नजर आई।

12:30 बजे दोपहर

इंपीरियल तिराहा

एक तरफ बुध बाजार की व्यस्तम सड़क पर फंसा ट्रैफिक तो दूसरी तरफ स्टेशन रोड पर रेंगते वाहन। इन सबसे बेफिक्र सड़क किनारे जगह-जगह खड़े ई रिक्शा। तिराहे से लेकर स्टेशन रोड तक पंद्रह मीटर चौड़ी सड़क को ई रिक्शे के कब्जे ने सिकोड़कर मात्र दस मीटर कर दिया। लगभग 100 मीटर के दायरे में चालीस से अधिक ई रिक्शा खड़े नजर आए। बूथ पर खड़ी ट्रैफिक पुलिस भी इनसे निपटने में पूरी तरह असहाय दिखी।

पीएसी तिराहे के आसपास ई-रिक्शा के कारण लगता जाम। • हिन्दुस्तान

1:00 बजे दोपहर

पीएसी तिराहा

चिलचिलाती धूप में यहां सड़क की दोनों पटरी पर फंस लोग इस इंजतार में थे कि उन्हें साइड मिल जाए पर उनकी इस उम्मीद को तेजी से ट्रैफिक में घुसे ई- रिक्शा वाले लगातार नाकाम कर रहे थे। यहां सड़क किनारे तो ई-रिक्शा नजर नहीं आए पर जाम में फंसा हर तीसरा वाहन ई- रिक्शा ही था। दस मिनट के लिए यहां ऐसा नजारा हो गया कि जाम कभी खुलेगा ही नहीं लेकिन ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता से हालात सामान्य हो गए।

शहर में यातायात सुधार के प्रयास हो रहे हैं। चार जोन में शहर को बांटा गया है। सीएनजी आटो के संचालन का रंग और रूट बनाया गया है। ई-रिक्शा को लेकर आई शिकायत के मद्देनजर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। आरटीओ से भी इस कार्य में मदद ली जाएगी। शहर जाम मुक्ति के पूरे प्रयास होंगे।

सतीश कुमार, एसपी ट्रैफिक

1:30 बजे दोपहर

डबल फाटक

ईदगाह क्षेत्र में आटो और ई-रिक्शा से पटी सड़कें। कुछ ट्रैफिक में तो कुछ सड़क किनारे खड़े। इन सबके बीच ट्रैफिक में फंसे वाहनों के हार्न का बढ़ता शोर बताने के लिए काफी था कि यहां हालात किस कदर बिगड़े हुए है। लगभग एक किमी. तक इन रंग-बिरंगे ई- रिक्शा वालों का राज था। कटघर थाना की ओर से आने वाले वाहन रेलवे पुल पर चढ़ने के लिए परेशान थे। इस बीच पुलिस की चेकिंग ने और दुश्वारियां बढ़ा दी।

डबल फाटक पर ऑटो और ई-रिक्शा के कारण लगा जाम। • हिन्दुस्तान

1:30 बजे दोपहर

फव्वारा तिराहा

हर वक्त जाम से घिरे रहने वाले इस तिराहे पर तीनों तरफ से ट्रैफिक का दबाव बढ़ता ही जा रहा था। फव्वारा तिराहे से लोकोशेड पुल की तरफ जाने वाली सड़क के किनारे ई-रिक्शा वालों का जाल। आधी से ज्यादा सड़कों पर ये ऐसे पसरे थे कि मानो स्टैंड बना रखा हो। ट्रैफिक में फंसी स्कूल बस यो या एंबुलेंस इनको कोई फर्क नहीं। जब सवारी मिलती तभी ये आगे बढ़ते। यहां ट्रैफिक के बिगड़े हालात पीलीकोठी तक जाम लगा रही थी।

शुक्रवार को फव्वारा चौक पर बेतरतीव खड़े ई-रिक्शे और ऑटो के कारण सड़क संकरी हो गई। • हिन्दुस्तान

संक्षेप

आंखों के कैंसर पर जागरूक किया

मुरादाबाद। शुक्रवार को सेंटर फॉर साइट में आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में आंखों के कैंसर पर चर्चा की गई। मुख्य वक्ता डॉ. ललित मोहन ने बताया कि शरीर के अन्य हिस्सों की तरह ही आंखों में भी ट्यूमर हो सकते हैं। आंखों में या उसके आस-पास की स्वस्थ कोशिकओं में परिवर्तन आ जाता है और वे कम समय में ही संख्या में तेजी से बढ़ने लगती हैं, तो एक मैस का निर्माण हो जाता है जिसे ट्यूमर कहते हैं। नेत्र ट्यूमर से दृष्टि को हानि पहुंच सकती है यहां तक कि स्वास्थ्य और जीवन पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं।

बच्चों ने व्यंजन बनाने में दिखाई प्रतिभा

मुरादाबाद। गांधी नगर पब्लिक स्कूल में फायरलेस इंस्टेंट कुकिंग एक्टिविटीज कराई गई। एलकेजी से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने विविध व्यंजन बनाए। अध्यापिकाओं का सहयोग रहा। प्रधानाचार्या, शशि शर्मा ने सभी की प्रतिभा को सराहा।

गायन में चमकी छवि की प्रतिभा

मुरादाबाद। रोटरी क्लब सेंट्रल व इंट्रेक्ट क्लब की ओर से कौशल्या कन्या इंटर कॉलेज में गायन प्रतियोगिता कराई गई। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ कलाकार बृज गोपाल व्यास, शिल्पी सक्सेना एवं शुभम गुप्ता शामिल रहे। प्रतियोगिता में पहला स्थान छवि, दूसरा आलिया व तीसरा स्थान मीनाक्षी को मिला। सभी को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या मधु ने सभी बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान प्रतिमा, प्रिया, प्रिया वर्मा, पूजा सुयाल, खुशबू गोस्वामी के साथ ही रोटेरियन अनुज अग्रवाल, संदीप मेहरोत्रा, राजू खन्ना, अरविंद शर्मा, रंजीत सिंह बग्गा, भारती अग्रवाल का सहयोग रहा।

बोर्ड एग्जाम में चमका नाम, मिला सम्मान

मुरादाबाद। शुक्रवार को शिवसेना की ओर से टीएमआईएमटी में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शहर के कई स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे पुरस्कृत हुए। इस कार्यक्रम में शहर के 175 मेधावियों को सम्मान देकर नवाजा गया। शिवसेना के जिला प्रभारी वीरेंद्र अरोड़ा ने सभी मेधावियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। कमल सिंह राव, विपिन भटनागर, मुदित उपाध्याय, विशाल शर्मा, इंद्रजीत सिंह, अभिषेक अरोड़ा आदि रहे।

Jubilant Life Sciences Limited

Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-267200

Extract of Consolidated Audited Results for the Quarter and year ended 31 March 2019

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
	31 March (Audited) 2019	31 December (Unaudited) 2018	31 March (Audited) 2018	31 March (Audited) 2019	31 March (Audited) 2018
Total revenue from operations	238558	237710	225196	911082	755781
Net Profit before tax, exceptional and extraordinary items	19478	37075	22656	118404	85908
Net Profit / (loss) before tax (after exceptional and extraordinary items)	(3998)	35561	22656	90381	85908
Net Profit / (loss) after tax, exceptional and extraordinary items	(10065)	26752	15240	57701	63442
Total comprehensive income (comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax)	(8878)	8728	13908	56323	69981
Earnings per share of ₹ 1 each (Not annualized)					
Basic (₹)	(6.38)	16.74	9.94	36.86	41.25
Diluted (₹)	(6.38)	16.74	9.94	36.86	41.25
Equity share capital	1593	1558	1558	1593	1558
Reserves (excluding revaluation reserve)				479299	407095
Net Worth				480902	403501
Paid-up debt capital				420300	245010
Capital Redemption Reserve				3984	3984
Debenture Redemption Reserve				13008	7492
Debt Equity Ratio				0.73	0.81
Debt Service Coverage Ratio				8.07	3.61
Interest Service Coverage Ratio				8.07	5.48

1. The Board has recommended a dividend of ₹ 4.5 per equity share of ₹ 1 each fully paid up amounting to ₹ 8641 lakhs (including dividend distribution tax), subject to approval in the Annual General Meeting.
2. The Company has opted to publish consolidated results for the year ended 31 March 2019. The standalone audited results are available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
	31 March (Audited) 2019	31 December (Unaudited) 2018	31 March (Audited) 2018	31 March (Audited) 2019	31 March (Audited) 2018
Total revenue from operations	86512	85958	96443	343861	334301
Profit before tax	639	5238	11878	18343	36769
Net profit after tax	744	3670	8639	14763	26344

3. Sales/Income from operations (included in total revenue from operations) for the year ended 31 March 2019 is not comparable with corresponding previous period since the same is net of Goods and Services Tax (GST) whereas excise duty formed part of expenses till 30 June 2017.
4. During the year ended 31 March 2015, Jubilant Pharma Limited, Singapore (JPL) had obtained unsecured loan amounting to US $ 60.00 million from International Finance Corporation (IFC), due for repayment along with the repayment premium in accordance with the terms of the contract in two equal instalments on June 15, 2020, (at the end of First repayment date, 5 years from the date of disbursement) and June 15, 2021 (at the end of Final repayment date, 6 years from the date of disbursement) if on or prior to such First repayment date there has been (i) neither a Private Equity (PE) Investment nor a Qualifying Initial Public offering (IPO) or (ii) a Private Equity (PE) Investment has occurred but IFC has not converted the entire loan into shares and there has been no Qualifying IPO. During the quarter ended 31 March 2019, JPL has fully redeemed this loan on one time settlement of US $ 135 Mn (₹ 93366 lakhs) based on mutual agreement. Post such one time settlement, any and all obligations of JPL to IFC under the aforesaid contract has been irrevocably and unconditionally extinguished and settled in full. The payment has been made from the proceeds of 5 year rated unsecured bonds of US $ 200.00 million raised by JPL in international market in March 2019. Pursuant to such settlement, during the quarter ended 31 March 2019, JPL has recognised current period charge under exceptional items of ₹ 23476 lakhs (₹ 1514 lakhs for the quarter ended 31 December 2018) and for the year ended 31 March 2019 of ₹ 28023 lakhs.
5. Items referred in sub clauses (a), (b), (d) and (e) of the regulation 52(4) of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015, have been disclosed in detailed format of the consolidated audited results for the quarter and year ended 31 March 2019 filed with BSE Limited and The National Stock Exchange of India Limited and can be accessed under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.
6. The above consolidated audited results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 17 May 2019. The figures for the quarter ended 31 March 2019 and the corresponding quarter ended in the previous year, as reported in these consolidated financial results, are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures upto the end of third quarter of the relevant financial year. Also, the figures upto the end of the third quarter had only been reviewed and not subjected to audit. Further, previous period figures have been regrouped / reclassified to conform to the current period's classification.
7. The above is an extract of the detailed format of the consolidated audited results for the quarter and year ended 31 March 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated audited results for the quarter and year ended 31 March 2019 is available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For **Jubilant Life Sciences Limited**
Hari S. Bhartia
Co-Chairman & Managing Director

Place : Noida
Date : 17 May 2019

पहले हटेंगे पेड़ फिर बिजली पोल

मुरादाबाद | कार्यालय संवाददाता

फव्वारा चौक के चौड़ीकरण पर अमल की तैयारी है। लोकोशेड पुल के शुरू होने से यातायात बढ़ेगा। हाईवे पर जाम न लगे, इसके लिए फव्वारा चौक पर पेड़ और बिजली पोल हटेंगे। चौड़ीकरण में बाधक एक दर्जन पेड़ काटने को वन विभाग को पत्र भेजा गया है। पोल शिफ्टिंग की भी तैयारी है। रास्ते में बाधक रेलवे ट्रेनिंग सेंटर की दीवार भी हटेगी। रेलवे इसके लिए तैयार है। डीएम की मौजूदगी में नगर निगम, लोनिवि आदि विभागों की बैठक में योजना को अंतिम रूप दिया गया।

रेलवे के ट्रेनिंग सेंटर की दीवार को हटाने पर विभाग ने सहमति दी है। प्रशासन अब काम शुरू करने की तैयारी में जुटा है। जानकारों की माने तो रेल बाउंड्री हटने से सड़क 5 से 7 मीटर तक चौड़ी होगी। योजना में बाधा सड़क किनारे पेड़ कटान के लिए वन विभाग से मंजूरी मांगी गई है वहीं पोल शिफ्टिंग को भी विभाग को पत्र भेजा गया है।

फव्वारा चौक का चौड़ीकरण

- फव्वारा चौक और लोकोशेड के बीच एक दर्जन पेड़
- चौड़ीकरण की तैयारी, रेलवे ट्रेनिंग सेंटर की दीवार भी जल्द हटेगी

योजना पर 50 लाख खर्च

रोड चौड़ीकरण पर करीब 50 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। इसके लिए लोनिवि एसटीमेट बनाएगा। लोनिवि के एई एके सिंह के अनुसार अभी हाईवे पर 14 से 15 मीटर रोड की चौड़ाई है। पर रेल बाउंड्री हटने के बाद रोड की चौड़ाई 20-21 मीटर तक हो जाएगी।

शौचालय शिफ्ट करने पर रजामंदी बनी। काम को रफ्तार देने को शुक्रवार को डीएम संग एसपी ट्रैफिक सतीश चन्द्र, निगम के एक्सईन वीके पाल, लोनिवि अफसरों ने मंथन किया।

महिला ने चोर को पकड़कर धुना, वीडियो वायरल

दिखाई हिम्मत

मुरादाबाद। मुगलपुरा थाना क्षेत्र में घर के सामने ऑटो से बैटरी चोरी करते युवक को महिला ने पकड़ लिया। अकेले ही महिला आरोपी से भीड़ गई और उसकी जमकर धुनाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को चोरी के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

थाना मुगलपुरा के मोहल्ला कानून गोयान निवासी महिला के घर के सामने शुक्रवार सुबह एक सीएनजी ऑटो खड़ा था। एक युवक ऑटो में लगी बैटरी खोलकर उसे ले जाने लगा। वहां महिला कुसुम की नजर युवक पर पड़ गई। महिला आरोपी युवक से अकेले ही भीड़ गई और उसे धर दबोचा। आरोपी भागने का प्रयास किया तो महिला ने उसकी धुनाई भी कर दी। इसी बीच शोर मचाने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। आरोपी की पहचान फहीम निवासी गली नंबर एक वारसी नगर के रूप में हुई है।

एसएचओ मुगलपुरा गजेंद्र सिंह ने बताया कि फहीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है। उधर महिला द्वारा चोर को पकड़कर पिटाई किए जाने के दौरान किसी ने इसकी वीडियो बना कर वायरल कर दी।

चोरी करने आए युवक की पिटाई करती महिला।

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. गजरौला-हसनपुर (अमरोहा)

निविदा सूचना

सत्र 2019-20 में इण्डस्ट्रीयल आक्सीजन गैस की आपूर्ति (धरोहर राशि रू० 5000.00) तथा मिल की धुलाई, सफाई, पुताई (धरोहर राशि रू० 500.00) हेतु दिनांक 27.05.2019 को अपरान्ह 2.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो तद दिनांक को सायं 3.30 बजे खोली जायेगी। आवश्यकतानुसार निगोसिएशन किया जा सकता है। कार्य व शर्तों का विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लेखित होगा, जो रू० 100.00 जमा कराकर प्राप्त किया जा सकेगा। एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

प्रधान प्रबंधक

तीन साल से बाद भी नहीं मिल पाए कमरे

मुरादाबाद। स्वास्थ्य विभाग के अफसर डीएम के फरमान को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। दो साल पहले दिव्यांगों के लिए डीडीआरसी सेंटर को जिला अस्पताल परिसर में भवन देने को डीएम ने सीएमओ को कहा था लेकिन इतना समय गुजरने के बाद भी जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र अपनी भी उधार के भवन में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसरों का कहना है कि भवन खाली नहीं है जैसे ही कमरे खाली होंगे उपलब्ध करा दिए जाएंगे। इस बात को भी एक सप्ताह गुजर चुका लेकिन अभी तक इस मामले में एक कदम भी प्रगति नहीं हो पाई है।

दिव्यांग को बेहतर उपचार के लिए दिव्यांग विभाग की ओर से डीडीआरसी सेंटर बनाए गए। मुरादाबाद में 2016 से जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र समाज कल्याण के बालक छात्रावास में चल रहा है। निजी भवन के अभाव में यह अस्थाई व्यवस्था हुई थी लेकिन जिला अस्पताल के अफसरों के रवैये से डीएम, सीडीओ सरीखे अफसरों के कहने के बावजूद अब तक डीडीआरसी सेंटर को कक्ष नहीं मिल पाएं हैं।

उत्तर रेलवे

निविदा विज्ञापन

मुरादाबाद मण्डल के स्टेशन देहरादून (सर्कुलेटिंग एरिया), मुरादाबाद (प्लेटफार्म एरिया), मुरादाबाद (सर्कुलेटिंग एरिया) और बरेली (सुर्कलेटिंग एरिया) के वाणिज्य विज्ञापन अधिकार के विज्ञापन के पांच वर्ष के आवंटन के लिए टेण्डर नोटिस। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दो-पैकेट ओपन टेण्डर आमंत्रित है।

क्रम सं.	स्टेशन / जोन	टोटल एरिया (क्षेत्रफल में)	आय का आंकलन/अनुमानित वैल्यू (रु.) जीएसटी को छोड़कर		जमा की जाने वाली आरक्षित राशि (भा.रु.में)	निविदा फार्म का मूल्य 18 प्रतिशत जीएसटी सहित (भा.रु.में)
			प्रथम वर्ष के लिए (रु.)	पाँच वर्ष के लिए (रु.)		
(a)	देहरादून (सर्कुलेटिंग एरिया)	6387	28,52,586/-	1,51,47,232/-	3,03,000/-	5,900/-
(b)	मुरादाबाद (सर्कुलेटिंग एरिया)	2788	7,56,800/-	40,18,608/-	80,400/-	2,360/-
(c)	मुरादाबाद (प्लेटफार्म एरिया)	1860	8,03,000/-	42,63,930/-	85,300/-	2,360/-
(d)	बरेली (सर्कुलेटिंग एरिया)	4380	10,01,000/-	53,15,310/-	1,06,400/-	5,900/-
(e)	प्रेषित करने की तिथि एवं समय	दिनांक 10.06.2019 को 14.00 बजे तक, जो उसी तिथि में खोले जायेंगे।				
(f)	कार्यालय का पता एवं तिथि जहां से टेण्डर दस्तावेज खरीदे जा सकते हैं।	निविदा फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज वेबसाईट www.ireps.gov.in (E-tendering) से प्राप्त किये जा सकते हैं।				

सं.: 3/Pub/MB Div/2016 दिनांक: 17.05.2019. 1495/2019

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ